आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, नई दिल्ली

NATIONAL BOARD OF EXAMINATIONS IN MEDICAL SCIENCES

NEW DELHI

दिनांक: 13 दिसंबर, 2022

सूचना

****

विषय : 2022 प्रवेश सत्र के लिए डीएनबी (पोस्ट डिप्लोमा) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन केंद्रीकृत मेरिट आधारित काउंसलिंग के **फाइनल (मॉप-अप) राउंड** की **सारणी**; कृपया दिनांक 22-09-2022 की सार्वजनिक सूचना का संदर्भ लें।

1. जिन उम्मीदवारों ने **दिनांक 22.11.2022** तक अपने आवंटित संस्थान में प्रशिक्षण ज्वाइन नहीं किया है, उनकी आवंटित डीएनबी सीट तथा उनका शुल्क जब्त कर लिया जाएगा। दिनांक 22.11.2022 (16:00 बजे) तक ज्वाइन न होने के कारण रिक्त होने वाली डीएनबी (पोस्ट डिप्लोमा) सीट को काउंसलिंग के **फाइनल (मॉप-अप) राउंड** में शामिल करने के लिए जारी किया जाएगा।

2. पोस्ट डिप्लोमा काउंसलिंग हेतु काउंसलिंग हैंडबुक के पैरा 6.4 के संदर्भ में, 2022 प्रवेश सत्र हेतु ऑनलाइन केंद्रीकृत मेरिट आधारित काउंसलिंग के **फाइनल (मॉप-अप) राउंड** की सारणी निम्नानुसार है:

फाइनल (मॉप-अप) राउंड		
क्र. सं.	**काउंसलिंग प्रक्रिया**	**अवधि**
i.	उम्मीदवारों द्वारा लॉगिन तथा फाइनल (मॉप-अप) राउंड में भाग लेने हेतु पहले वर्ष के पाठ्यक्रम शुल्क का भुगतान	14-15 दिसंबर, 2022
ii.	फाइनल (मॉप-अप) राउंड की काउंसलिंग हेतु पसंद/विकल्प भरना	14-15 दिसंबर, 2022 (शाम 5:00 बजे तक)
iii.	आवंटन का प्रसंस्करण	16 दिसंबर, 2022
iv.	आवंटन का परिणाम	17 दिसंबर, 2022
v.	आवंटित अस्पताल में फिजिकल जॉइनिंग	19-26 दिसंबर, 2022

3. केवल पंजीकृत उम्मीदवार जिन्हें **पहले, दूसरे** और **तीसरे** राउंड की काउंसलिंग के दौरान कोई सीट नहीं दी गई है, वे काउंसलिंग के **फाइनल (मॉप-अप) राउंड** के लिए पात्र होंगे (काउंसलिंग हैंडबुक के पैरा 6.4 (2) का संदर्भ लें)। जिन उम्मीदवारों को काउंसलिंग के तीनों राउंड में से किसी एक में डीएनबी (पोस्ट डिप्लोमा) सीट आवंटित की गई है, लेकिन वे आवंटित संस्थान में कार्यभार ग्रहण करने में विफल रहे हैं, वे भी काउंसलिंग के फाइनल (मॉप-अप) राउंड में भाग लेने के लिए अपात्र होंगे।

4. उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे मॉप-अप राउंड में डीएनबी (पोस्ट डिप्लोमा) सीटों के आवंटन की प्रक्रिया को दर्शाने वाले फ्लोचार्ट को ध्यान से देखें।

   (फ्लोचार्ट के लिए यहाँ क्लिक करें)

5. जो उम्मीदवार निर्धारित तिथि यानी दिनांक 26-12-2022 तक काउंसलिंग के फाइनल (मॉप-अप) राउंड में अपने आवंटित संस्थान में कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं, वे अपनी डीएनबी (पोस्ट डिप्लोमा) सीट खो देंगे और उनका शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

6. किसी अन्य स्पष्टीकरण/सहायता हेतु संचार वेब पोर्टल के माध्यम से लिखें।

NBEMS